हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
28 अक्तूबर 2023, बरेली

एसआरएमएस में तीन दिनी टूर्नामेंट में भाग लेंगे 450 खिलाड़ी

तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस 4 नवंबर से

खेलकूद प्रतियोगिता

बरेली, मुख्य संवाददाता। श्री राम मूर्ति स्मारक तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबिल टेनिस टूर्नामेंट चार से छह नवंबर को एसआरएमएस में होगा। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को एसआरएमएस ट्रस्ट की तरफ से 50 हजार रुपये की धनराशि वितरित की जाएगी जबकि उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन 20 हजार रुपये देगा। टूर्नामेंट में लगभग 450 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की संभावना है।

इस दौरान जूनियर बॉयज-गर्ल्स अंडर-19, जूनियर ब्वॉयज-गर्ल्स अंडर-17, सब जूनियर ब्वॉयज-गर्ल्स अंडर 15, कैडेट ब्वॉयज-गर्ल्स अंडर 13, हॉप्स ब्वॉयज-गर्ल्स अंडर 11 के मुकाबले खेले जाएंगे। बरेली डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर दीपेंद्र कमथान ने बताया कि खिलाड़ियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बार छह टेबल की जगह 10 टेबल लगाई जा रही हैं। टूर्नामेंट को कवर करने के लिए इंटरनेशनल रेफरी अमित सिंह, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी के अलावा 24 टेबल रेफरी भी पहुंच रहे हैं।

टीटी व बास्केटबॉल की मेजबानी करेगा विश्वविद्यालय

बरेली। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता और नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी को मिली है। दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन दिसंबर में होगा। एआईयू ने एक बार फिर रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली को दो प्रतियोगिताओं की मेजबानी दी है। 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक यूनिवर्सिटी कैंपस में नार्थ जोन पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता में 80 यूनिवर्सिटी लेंगी हिस्सा

14 से 17 दिसंबर तक नॉर्थ जोन बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इनमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब आदि राज्यों की करीब 80 यूनिवर्सिटी हिस्सा लेंगी। विश्वविद्यालय में दोनों ही प्रतियोगिताओं के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था विश्वविद्यालय कैंपस में ही की जाएगी। नॉर्थ जोन के विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में एंट्री के लिए संपर्क कर रहे हैं।